प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार दौरे पर राजगीर जायेंगे, नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का करेंगे उद्घाटन।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने जिला अधिकारियों को शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों के आस–पास बार एंड रेस्टोरेंट के संचालन का लाइसेंस नहीं देने का दिया आदेश।
- धनबाद में राष्ट्रीय राजमार्ग–19 के जीटी रोड पर देर रात भीषण सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, एक गंभीर रूप से जख्मी।
- झारखंड के अधिकांश भागों में आज से 22 जून तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान, भीषण गर्मी से जूझ रहे पलामू में तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में आयी कमी।

***************

प्रधानमंत्री मोदी आज बिहार दौरे पर राजगीर जायेंगे। वे वहां नालन्दा विश्वविद्यालय के नये परिसर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे। प्रधानमंत्री विश्व धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन अवशेषों का भी दौरा करेंगे, जिनका नवनिर्मित विश्वविद्यालय से गहरा संबंध है।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए 24 जून को प्रदेश कांग्रेस की बैठक दिल्ली में आहूत की गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड में चार माह के बाद विधानसभा का चुनाव है और राहुल गांधी का झारखंड से विशेष लगाव रहा है। झारखंड में होने वाले चुनाव पर उनका ध्यान है। झारखंड लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से उन्हें विश्वास है कि झारखंड में फिर से इंडी गठबंधन की सरकार भारी बहुमत से बनेगी।

***************

झारखंड हाई कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन पर चिंता जतायी है। अदालत ने ऐसी जगहों में बार और रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति नहीं देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि लाइसेंस की शर्तों के अनुसार रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार और रेस्टोरेंट खुला नहीं रखना चाहिए। कोर्ट ने रांची के एक बार के देर रात तक खुला रहने और चुटिया के एक्सट्रीम बार में युवक की हत्या पर संज्ञान लिया है। कोर्ट के आदेश पर कल रांची के डीसी, एसएसपी और उत्पाद आयुक्त कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। मामले में कोर्ट ने नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता से कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के जरिए झारखंड के जिलों में अफीम की हो रही खेती का पता लगाने की कोशिश करें। वहीं रांची एसएसपी को शहर में अफीम, चरस और गांजा की रोकथाम पर अभियान चलाने को कहा। कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची एसएसपी को ड्रग्स की रोकथाम में विफल रहने वाले पुलिस पदाकारियों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी भी मांगी। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

***************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अधिकारियों को राज्य के धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया है। वे कल पर्यटन, कला, संस्कृति विभाग की बैठक कर रहे थे। श्री सोरेन ने कहा कि रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने रांची के पहाड़ी मंदिर में रोपवे बनाने पर भी जोर दिया। वहीं रांची स्थित हुंडरू फॉल के सौंदर्यीकरण और गेस्ट हाउस बनाने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी योजनओं का डीपीआर तैयार कराने को कहा।

***************

धनबाद जिले में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत 5 रूट निर्धारित किए गए हैं। लोगों को योजना की जानकारी देने के लिए कल शाम जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर चंद्रिका द्विवेदी ने जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं आज बरटांड़ स्थित बस स्टैंड में सहायता केंद्र की शुरुआत की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बीआईटी सिंदरी से पंचेत, धनबाद से सिमुलदोने, कोल्हर मोड़ से चिरकुंडा, झरिया 4 नंबर से चंद्रपुरा और सर्रा से धनबाद बस का परिचालन किया जाएगा।

***************

देश के सबसे प्रसिद्ध स्वादिष्ट अल्फांसो आम की खेती हजारीबाग में भी की जा रही है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

धनबाद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग–19 पर बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में कल रात हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना लोहारबरवा क्षेत्र में घटी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार सवार पांचों युवक घटनास्थल के आसपास के ही रहने वाले थे। रात करीब 11 बजे वह अपनी कार से रॉन्ग साइड से जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पांचवें युवक को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया गया।

***************

अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक हटा दी है। जयराम महतो पर 1932 का खतियान लागू कराने के लिए विधानसभा घेरने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप है। इधर जयराम महतो ने झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

***************

महिला एशियन हॉकी चौंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में अनियमितता की जांच पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार करेंगे। अरुण कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है, जो आयोजन से जुड़ी फाइल और किये गये भुगतानों की समीक्षा करेगी। कमेटी को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने निर्देश दिया गया है।

***************

मौसम विज्ञान केंद्र ने आज से 22 जून तक राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान 50–60 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी। इधर भीषण गर्मी से जूझ रहे पलामू जिले के तापमान में तीन डिग्री तक कमी आयी है। डालटनगंज में कल पूरे दिन बादल छाए रहे। इससे लोगों को चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत मिली। इधर मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा है कि झारखंड में अगले तीन से चार दिनों में मॉनसून के आने की संभावना जतायी है।

***************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने रांची समेत देशभर के कई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

प्रभात खबर ने झारखंड में जाति सर्वेक्षण होने की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।

दैनिक हिन्दुस्तान ने नीट परीक्षा विवाद में एनटीए और केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट के जवाब मांगे जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने झारखंड–बिहार में डाक सेवक बहाली में गड़बड़ी की सीबीआई जांच शुरू होने की खबर को प्राथमिकता दी है।

दैनिक जागरण ने झारखंड में म्यूटेशन के सबसे अधिक लंबित मामले रांची, हजारीबाग और धनबाद में होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने बिहार के अररिया जिले के बकरा नदी में नवनिर्मित पुल के ढह जाने की खबर को पहले पेज पर जबह दी है। द टाइम्स ऑफ इंडिया ने चतरा के टंडवा में जलसंकट की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। अखबार ने लिखा है– एक ही जलस्रोत से जनजातीय ग्रामीण और मवेशी दोनों पीते हैं पानी।

***************